कार्यालय, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सोजत सिटी (पाली)

क्रमांक / रामसोसि / संस्था / 2024 / 266-270 दिनांक :– 22.06.2024

विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के पत्रांक एफ1 (02)विद्या सम्बल / आकाशि / गे.फै. / दिशा निर्देश / 21–00638 / पार्ट–1 / राजकाज रे.नं. 8029676 दिनांक 21.06.2024 एंव वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 6 (2) वित्त / साविलेनि / 2021 / दिनांक 07.08.2023 की अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा घोषित **"विद्या संबल योजना" के अन्तर्गत प्रथम / तृतीय सेमेस्टर, तृतीय वर्ष के लिए अधिकतम 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी 2025 जो भी पहले हो तक** 800 / – रूपये प्रति कालांश मानदेय के आधार पर गेस्ट फैकल्टी (पूर्णतया अस्थाई) के रूप में निम्नांकित राजसेस महाविद्यालयों / विषयों में अध्यापन कार्य कराने हेतु **दिनांक 22.06.2024 से 29.06.2024 (प्रातः 11:00 बजे) तक** आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क्र.सं.	महाविद्यालय का नाम	राजसेस सोसायटी के अन्तर्गत रिक्त पद
1	आईमाता राजकीय कन्या महाविद्यालय सोजत सिटी (राजसेस सोसायटी द्वारा सत्र 2021–22 से संचालित)	इतिहास –1 पद, राजनीति विज्ञान –1 पद, हिन्दी साहित्य –1 पद, अंग्रेजी साहित्य –1 पद, भूगोल – 1 पद, गृह–विज्ञान–1 पद, समाजशास्त्र–1 पद, **कुल रिक्त पद–7**
2	राजकीय कन्या महाविद्यालय, बड़ा गुड़ा, (सोजत सिटी) (राजसेस सोसायटी द्वारा सत्र 2022–23 से संचालित)	इतिहास – 1 पद, राजनीति विज्ञान –1 पद, हिन्दी साहित्य –1 पद, अंग्रेजी साहित्य –1 पद, भूगोल – 1 पद, गृह–विज्ञान–1 पद, समाजशास्त्र –1 पद **कुल रिक्त पद–7**
3	राजकीय महाविद्यालय, सोजत सिटी (केवल राजसेस विषय में)	उर्दु साहित्य – 1 पद हिन्दी साहित्य – 2 पद (स्नातकोत्तर) **कुल रिक्त पद –3**

शर्तेः–1 उक्त विज्ञप्ति आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के द्वारा विद्या संबंल योजना हेतु सत्र 2024–25 के लिए समय–समय पर जारी एंव नवीनतम आदेशों के अधीन रहेगी।

2 अभ्यर्थी संबंधित महाविद्यालयों में रिक्त पदों हेतु पृथक–पृथक रूप से आवेदन करें एंव आवेदन–पत्र पूर्ण रूप से भरकर मय स्वंय प्रमाणित शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ **केवल राजकीय महाविद्यालय सोजत सिटी, पता– मरूधर केसरी के पास, एन.एच. 162, सोजत सिटी** में डाक / व्यक्तिगत रूप से निर्धारित तिथि तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। **ई–मेल या अन्य इलैक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।**

3. नोडल महाविद्यालय द्वारा गठित चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को दूरभाष पर शिक्षण कार्य हेतु बुलाये जाने पर संबंधित को 24 घंटे के भीतर–भीतर अपने आवश्यक मूल दस्तावेज के साथ उपस्थिति देनी होगी अन्यथा अगले वरियता क्रम के अभ्यर्थियों को शिक्षण कार्य हेतु बुलाया जायेगा।

4. चयनित आवेदकों की वरियता सूची दिनांक 01.07.2024 को जारी कर, वरियतानुसार दूरभाष पर सम्पर्क कर आयुक्तालय के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये प्रथम / तृतीय सेमेस्टर एंव तृतीय वर्ष हेतु दिनांक 01.07.2024 से आवश्यकता अनुसार अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

5. अधिक जानकारी (आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्ते, दिशा–निर्देश, शपथ–पत्र आदि) के लिये महाविद्यालय की वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcsojatcity/VIDHYA SAMBALYOJNA देखें।

(डॉ. सुभाषचन्द्र नवल)
प्राचार्य / नोडल प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सोजत सिटी

क्रमांक / रामसोसि / संस्था / 2024 / 266-270 दिनांक :– 22.06.2024

प्रतिलिपि :– 1. नोडल महाविद्यालय / राजसेस महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर वास्ते सूचनार्थ प्रकाशन हेतु।

2. सम्पादक राजस्थान पत्रिका / सम्पादक दैनिक नवज्योति को भेजकर लेख है कि पाली संस्करण में न्यूनतम स्पेस में डीपीआर दर पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।

Sd

(डॉ. सुभाषचन्द्र नवल)
प्राचार्य / नोडल प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सोजत सिटी

Scanned with AltaScanner